दैनिक सवेरा टाइम्स
अंधेरे से उजाले की ओर...

# ईएसआईसी योजना के प्रचार संबंधी वर्कशॉप करवाई



वर्कशॉप का आयोजन करने का दृश्य।

**सवेरा न्यूज/रमेश सिंगला तपा मंडी:** आज कर्मचारी राज्य बीमा निगम बरनाला दफ्तर व ईपीएओ बठिंडा दफ्तर ने संयुक्त तोर पर राईस मिलरज एशोशीशन तपा के सहयोग से कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा योजना और ईपीएफओ की योजना के प्रचार हेतु वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस मौके पर में योजना के संबंध मे श्रस्ह्रष्ट शाखा प्रबंधक, बरनाला अमनदीप सिंह द्वारा योजना के संबंध मे जानकारी दी गई। जिसमे निगम द्वारा सामाजिक सुरक्षा में हिस्सेदारी बढ़ाने और कवरेज प्रसार के लिए योजना की शुरुआत की गई है। यह योजना 01 जुलाई 2025 से 31 दिसंबर 2025 तक लागू रहेगी। इस योजना के अंतर्गत अभी तक अनपंजीकृत नियोक्ता और कर्मचारियों को विशेष विंडो दी गई है, जिनमें अनुबंध व असंगठित क्षेत्र के कर्मचारी भी शामिल हैं। इस योजना के तहत अपनी इकाइयों और कर्मचारियों को ईएसआईसी पोर्टल, श्रम सुविधा पोर्टल और एमसीए पोर्टल पर ऑनलाइन/डिजिटल तारीख से पंजीकृत करने का अधिकार है। पंजीकृत दौरान दर्ज की गई तारीख से मानता दी जाएगी। रजिस्टर होने से पहले की मियाद के लिए कोई योगदान या लाभ लागू नहीं होगा, और ना ही इसी समय के लिए कोई जाँच या रिकॉर्ड की मांग की जाएगी। यह योजना पुरानी लापरवाहियों के कारण होने वाली सजा के डर को खत्म करती है और पंजीकरण की प्रकिरिया को आसान बनाने के लिए उतशाहित करती है। वर्कशॉप मे ईपीएफओ बठिंडा की तरफ से श्री दीपक सिंगला, ईओ और राइस मिलरज तपा के श्री संजीव जिंदल अध्यक्ष, गोपाल कृषण, तरसेम लाल भोला, अनिल कुमार भूत, संजू गुप्ता, रविंदर कुमार, मनीश कुमार, परमजीत सिंह, अंकित इत्यादि उपस्थित थे।